



## स्मिथ, वॉर्नर फिर उस मैदान पर लौटेंगे जहां गेंद से छेड़छाड़ में दोषी पाए गए थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केप टाउन। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ और सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर बुधवार को न्यूलैंड्स के उसी मैदान पर उतरेंगे जहां उन्हें गेंद से छेड़छाड़ का दोषी पाया गया था। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला इसी मैदान पर खेला जाना है। मैच के लिए हालांकि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि खिलाड़ियों को किसी दुर्व्यवहार से बचाया जा सके। स्मिथ और वॉर्नर उस समय क्रमशरू टीम के कप्तान और उपकप्तान थे जब 24 मार्च 2018 को तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन के खेल के दौरान कैमरून बैनक्राफ्ट को टेलिविजन पर रेगमाल (सैंडपेपर) को गेंद पर रगड़ते देखा गया था। स्मिथ और बैनक्रॉफ्ट ने उसी शाम संवाददाता सम्मेलन में इस बात को स्विकार कर लिया था कि उन्होंने जानबूझ कर गेंद से छेड़छाड़ की थी। बाद में पता चला कि इस योजना में वॉर्नर ने बड़ी भूमिका निभाई थी। तीनों खिलाड़ियों को इसके बाद निलंबित कर दिया गया था।

# केएल राहुल टेस्ट सीरीज से बाहर क्यों: कपिल देव

**क्रिकेट**

## कपिल देव ने भारत की हार के बाद उठाए सवाल

कई पूर्व खिलाड़ियों ने विराट कोहली की कप्तानी पर सवाल उठाए थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान कपिल देव ने वेलिंग्टन में न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार के बाद भारतीय टीम की आलोचना की है। न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच में भारत को एकतरफा मुकाबले में 10 विकेट से हराया था। कपिल ने एक चौनल से कहा, 'हमें न्यूजीलैंड की तारीफ करनी होगी, वह शानदार क्रिकेट खेल रही है। तीन वनडे और टेस्ट मैच में उन्होंने बेहतरीन क्रिकेट खेली। अगर हम मैच को विश्लेषण करेंगे तो, मुझे समझ में नहीं आता कि कोई इतने बदलाव कैसे कर सकता है। हर मैच में लगभग नई टीम होती है।

उन्होंने कहा, टीम में कोई भी स्थायी नहीं है। अगर स्थान को लेकर सुरक्षा की भावना नहीं है तो इसका असर खिलाड़ियों की फॉर्म पर पड़ेगा।' भारतीय टीम का विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे से सज्जित बल्लेबाजी आक्रमण बेसिन रिजर्व मैदान पर खेले गए पहले टेस्ट मैच में पूरी तरह से विफल हो गया था। कोहली ने खुद बल्लेबाजी को हार का कारण भी माना था।



कपिल ने कहा, 'बल्लेबाजी में कई बड़े नाम हैं लेकिन फिर भी आप दोनों पारियों में 200 का स्कोर नहीं कर सके, इसका मतलब है कि आपने स्थितियों से तालमेल नहीं बैठाया है। आपको ज्यादा से ज्यादा ध्यान रणनीति पर देना होगा।' कपिल साथ ही लोकेश राहुल के टेस्ट टीम में न होने से नाराज हैं। राहुल को टी–20 सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था और इस सीरीज में भारत ने कीवी टीम को 5–0 से मात दी थी।

विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा, 'मुझे समझ में नहीं आया, जब हम खेले थे और अब जो हो रहा है उसमें काफी अंतर है। आप जब टीम को बनाते हो तो आपको अपने खिलाड़ियों को आत्मविश्वास देना होता है। जब आप कई सारे बदलाव करते हैं तो इसका कोई औचित्य नहीं होता। प्रबंधन हर प्रारूप के लिए विशेष खिलाड़ी में विश्वास रखता है। राहुल शानदार फॉर्म में हैं लेकिन वह बाहर बैठे हैं। इसका कोई औचित्य नहीं है। मुझे लगता है कि जब खिलाड़ी फॉर्म में होता है तो उसे खेलाना चाहिए।' दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच शनिवार से क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल मैदान पर शुरू होगा।

## जब तक नरेंद्र मोदी सत्ता में हैं, भारत पाकिस्तान संबंध नहीं सुधरेंगेः अफरीदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अक्सर भारत के खिलाफ बयान देने वाले पूर्व ऑलराउंडर ने इस बार पीएम मोदी को भारत–पाकिस्तान के खराब संबंधों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा है कि नरेंद्र मोदी की मानसिकता नकारात्मक है और जब तक वह भारत के प्रधानमंत्री रहेंगे तब तक दोनों देशों के संबंध नहीं सुधर सकते।

क्रिकेट पाकिस्तान को दिए गए इंटरव्यू में जब अफरीदी से भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'जब तक मोदी सत्ता में हैं, मुझे नहीं लगता कि भारत से कोई प्रतिक्रिया मिलेगी। हम सभी, यहां तक की भारतीय भी जानते हैं कि मोदी क्या सोचते हैं। उनकी सोच नकारात्मक है।' पूर्व कप्तान ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान के संबंध सिर्फ एक इंसान के कारण खराब हुए हैं। यह हम नहीं चाहते थे।' उन्होंने कहा, 'सीमा के दोनों तरफ से लोग एक दूसरे के देश घूमना चाहते हैं। मैं नहीं जानता कि मोदी क्या करना चाहते हैं और उनका एजेंडा हकीकत में क्या है।' दोनों टीमें बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में आमने–सामने होती हैं लेकिन दोनों ने 2013 के बाद से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है।



■क्रिकेटर ने भारतीय पीएम को नकारात्मक मानसिकता वाला भी बताया है

■दोनों ने 2013 के बाद से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली

पाकिस्तान ने आखिरी बार तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 2013 में भारत का दौरा किया था। वहीं भारत ने आखिरी बार 2006 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में पाकिस्तान का दौरा किया था।'

## पेस डेविस कप टीम में बरकरार, शरण रिजर्व खिलाड़ी होंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति ने क्रोएशिया के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए मंगलवार को घोषित पांच सदस्यीय टीम में अनुभवी लिएंडर पेस को बरकरार रखा है। इसके अलावा दिविज शरण टीम के रिजर्व खिलाड़ी होंगे। एआईटीए ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) को भारतीय टीम की अंतिम सूची भेज दी। क्वालीफायर्स ग्रुप के ये मुकाबले छह और सात मार्च को खेले जाएंगे। भारतीय टीम अभी 24 देशों के क्वालीफायर्स ग्रुप में है जहां क्रोएशिया शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम है।

क्वालीफायर्स ग्रुप की 12 विजेता टीमें इस साल के आखिर में होने वाले डेविस कप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करेंगी जबकि हारने वाली टीमों को विश्व ग्रुप एक में रखा जाएगा। एआईटीए के एक सूत्र ने बताया, ''हमने अपनी अंतिम टीम की सूची आईटीएफ को भेज दी है। टीम का रिजर्व खिलाड़ी तय करने के लिए कप्तान रोहित राजपाल ने सभी खिलाड़ियों से बात की है। उन्होंने शरण से भी बात कर उन्हें बताया कि वह टीम के छठे खिलाड़ी होंगे।'

## न्यूज डायरी




### बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद टॉम करन की नजरें कोहली, रोहित पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इस साल ऑस्ट्रेलिया में टी–20 विश्व कप खेला जाना है और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज टॉम करन ने साउथ अफ्रीका में हाल ही में खत्म हुई टी–20 सीरीज में दमदार प्रदर्शन कर अपनी पहचान बनाई है। अब टॉम करन की नजरें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में विराट कोहली और रोहित शर्मा के विकेटों पर हैं। टॉम आईपीएल में पूर्व विजेता राजस्थान रॉयल्स की जर्सी में नजर आएंगे। टॉम ने कहा कि वह कोहली और रोहित दोनों के प्रशंसक हैं, लेकिन जब उनके हाथ में गेंद होगी तो वह विश्व के दो बेहतरीन बल्लेबाजों को अपनी योग्यता से आउट करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि वह विश्व स्तर के खिलाड़ी हैं। एक गेंदबाज के तौर पर यह मेरे लिए अपनी रणनीति लागू करने और उनके बजाए अपनी योग्यताओं पर ध्यान देने की बात है। यह शानदार चुनौती होगी, जिसके लिए मैं तैयार हूं।'

### कोहली का पुजारा और अन्य को संदेशः सतर्कता बरतने से फायदा नहीं होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले, अपने बल्लेबाजों से बेहद रक्षात्मक रवैया छोड़ने की अपील करते हुए कहा कि विदेशी दौरों में इस तरह के खेल से कभी फायदा नहीं मिलता। भारत को बेसिन रिजर्व में पहले टेस्ट मैच में दस विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। वह तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच पर दोनों पारियों में 200 रन तक भी नहीं पहुंच पाया था। कोहली ने हार के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि बल्लेबाजी इकाई के तौर पर हम जिस भाषा का उपयोग करते हैं, उसे सही करना होगा। मुझे नहीं लगता कि सतर्क होने या बेहद सावधानी बरतने से मदद मिलेगी क्योंकि ऐसे में हो सकता है कि आप अपने शॉट नहीं खेल पाओ।'

### भारतीय ग्रैंडमास्टर वैभव सूरी ने शीर्ष वरीय आर्तेमीव को हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। भारतीय ग्रैंडमास्टर वैभव सूरी ने एयरोफ्लोट ओपन शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी व्लादिस्लाव आर्तेमीव को हराकर उलटफेर किया जिससे वह संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गये। अजरबेजान के रऊफ मामेदोव ने आर्मेनिया के मैनुएल पेट्रोसियान से ड्रा खेला और वह पांच अंक लेकर अब भी शीर्ष पर हैं। रूस के सनान सजुगिरोव ने हमवतन वादिम ज्वागिनसेव को हराया और वह 4.5 अंक के साथ तुर्की के मुस्तफा यिल्माज और पेट्रोसियान के साथ दूसरे स्थान पर हैं। सूरी (ईएलओ रेटिंग 2591) ने अपने से अधिक रेटिंग के आर्तेमीव (ईएलओ 2728) को 71 चाल में हराया। इस जीत से 23 वर्षीय भारतीय के चार अंक हो गये हैं जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्तेमीव के तीन अंक ही हैं। भारत के कई खिलाड़ियों के चार . चार अंक हैं। इनमें 13 वर्षीय भरत सुब्रमण्यम, बी अधिबान, अरविंद चिदंबरम, अर्जुन इरिगायसी और सूरी शामिल हैं। युवा आर प्रागनंदा के छह दौर के बाद तीन अंक हैं।

### अमेरिका की एनिसिमोवा ने स्वितलिना को हराकर उलटफेर किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा ने दोहा डब्ल्यूटीए ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पांचवीं रैंकिंग की इलिना स्वितोलिना को 6–3, 6–3 से हराकर उलटफेर किया। अमेरिकी किशोरी ने उक्रेन की अपनी प्रतिद्वंद्वी को एक घंटे में ही बाहर का रास्ता दिखा दिया। स्वितोलिना पिछले सत्र में विंबलडन और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। पिछले साल फ्रेंच ओपन के बाद शीर्ष दस रैंकिंग की वाली प्रतिद्वंद्वी पर पहली जीत दर्ज करने के बाद एनिसिमोवा ने कहा, ''मुझे यह खेलना पसंद है, मुझे यह स्टेडियम पसंद है और दर्शकों का जवाब नहीं, इसलिए मुझे खुशी है कि अगले दौर में मुझे फिर से आप सभी को देखने का मौका मिलेगा। '' कजाखस्तान की इलेना रीबाकिना ने पहला सेट गंवाने के बाद रोमानिया की सोरेना क्रिस्टिया को 3–6, 6–3, 6–1 से हराया।